360 करोड़ से बन रहा खुर्जा औद्योगिक पार्क, 109 भूखंडों का होगा आवंटन

संवाद न्यूज एजेंसी

प्राधिकरण की कार्यशाला में मौजूद मंडलायुक्त समेत अन्य अधिकारी। संवाद

बुलंदशहर। खुर्जा क्षेत्र का नियोजित विकास करने के लिए बुलंदशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण 360 करोड़ से खुर्जा औद्योगिक पार्क योजना बना रहा है। 109 भूखंडों का आवंटन लेने के लिए बुधवार को भूड़ चौराहे स्थित एक होटल में कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें मंडलायुक्त, डीएम, उपाध्यक्ष, जनप्रतिनिधि आदि ने उद्योगपति को योजना का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यशाला का शुभारंभ मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी जे, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अंतुल तेवतिया, प्राधिकरण उपाध्यक्ष डॉ. अंकुर लाठर, डीएम चंद्रप्रकाश सिंह और अनूपशहर विधायक संजय शर्मा आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। साथ ही स्कूली छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पर प्रस्तुति दी। जेवर एयरपोर्ट से 35 किमी एवं जिला मुख्यालय से 15 किमी दूर खुर्जा के गांव किर्रा में 32.58 हेक्टेयर भूमि पर प्राधिकरण द्वारा बसाई जा रही पहली खुर्जा औद्योगिक पार्क योजना को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अंतुल तेवतिया, सिकंदराबाद विधायक लक्ष्मीराज सिंह, अनूपशहर विधायक संजय शर्मा, खुर्जा विधायक मीनाक्षी सिंह, सदर विधायक प्रदीप चौधरी, सीडीओ कुलदीप मीना व एसएसपी श्लोक कुमार ने अपने-अपने विचार रखे और योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन कराने को कहा।

डीएम चंद्रप्रकाश सिंह ने कहा कि खुर्जा औद्योगिक पार्क योजना में उद्योग लगाने वाले उद्योगपति को राहत देने के लिए निवेश एप पर सभी सुविधाएं मिलेंगी।

प्राधिकरण सचिव ज्योत्सना यादव ने कहा कि खुर्जा औद्योगिक पार्क योजना में औद्योगिक के 82 भूखंड, व्यावसायिक के 12 भूखंड, वेयर हाउस के नौ भूखंड और वर्कशॉप, कम्युनिटी सेंटर, हॉस्टल, डिस्पेन्सरी, धर्मकांटा व चाइल्ड क्रेच के लिए एक-एक भूखंड का स्थान प्रस्तावित किया गया है।

जल्द होगा भूखंडों का आवंटन : मंडलायुक्त

मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी जे ने कहा कि पहली ऐसी परियोजना है जिसकी मुख्यमंत्री ने सराहना की है। काफी समय से इस पर प्राधिकरण की टीम कार्य कर रही है। जल्द ही भूखंडों का आवंटन होगा। यह परियोजना जेवर एयरपोर्ट से नजदीक होने से उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। यहां पर फायर स्टेशन, पुलिस चौकी, बिजलीघर, धर्मकांटा आदि भी स्थापित किए जाएंगे।

10 फीसदी भूखंड किए आरक्षित :प्राधिकरण उपाध्यक्ष डॉ. अंकुर लाठर ने कहा कि जिले में खुर्जा औद्योगिक नगरी है। यहां पर पॉटरी एवं डेयरी आदि उद्योग संचालित है। पिछले कई वर्षों से यहां किसी भी सरकारी या निजी संस्था द्वारा कोई नियोजित औद्योगिक परियोजना विकसित नहीं की गई।

खुर्जा औद्योगिक पार्क योजना को खुर्जा महायोजना 2031 में भी शामिल किया गया है। परियोजना के लिए 80 फीसदी भूमि क्रय की जा चुकी है। परियोजना के आसपास पूर्व से कई उद्योग स्थापित होने से भी उद्योग क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा।